जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/10902 दिनांक : 15-7-2024

स्मरण पत्र **//तत्काल //**

प्रति,

प्राचार्य/संचालक/अध्यक्ष/सचिव
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित/अल्पसंख्यक महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- महाविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में जमा सम्बद्धता शुल्क की जानकारी विश्वविद्यालय में जमा किये जाने के संबंध में।

संदर्भः- कार्यालयीन पत्र क्र. एफ/सम्बद्धता/2024/10871 दिनांक 14.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदानित/अल्पसंख्यक महाविद्यालयों की सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में जमा सम्बद्धता शुल्क का रिकॉर्ड संधारित कराया जाना है। जमा की गयी सम्बद्धता शुल्क का रिकॉर्ड जमा किये जाने हेतु महाविद्यालयों को पूर्व में संदर्भित पत्र द्वारा सूचना प्रेषित की गयी है। किन्तु कई महाविद्यालय द्वारा आज दिनांक तक उक्त रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया है। जो उचित नहीं है।

अतः उक्त संबंध में समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदानित/अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के प्राचार्य/संचालक/अध्यक्ष/सचिव को पुनः इस पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है, कि महाविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में जमा सम्बद्धता शुल्क की जानकारी मय भुगतान की गयी रसीद की सत्यापित छाया प्रति के साथ 07 दिवस में विश्वविद्यालय के सम्बद्धता विभाग में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। सम्बद्धता शुल्क का रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किये जाने पर भविष्य में होने वाले किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिये महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होगें।

कुलसचिव,

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्